नमूना, यह पृष्ठ केवल संदर्भ लेने के लिए है

रोज़गार विकास विभाग
पी ओ बॉक्स 1234
नमूना शहर, कैलिफोर्निया 99999-9999

Employment Development Department
State of California

ग्राहक के नाम का नमूना
1234 नमूना सड़क
कोई शहर, कैलिफोर्निया 99999-9999

EDD टेलीफ़ोन नंबर

अंग्रेज़ी:	1-800-300-5616
स्पैनिश:	1-800-326-8937
कैंटोनीज़:	1-800-547-3506
मैंडारिन:	1-866-303-0706
वियतनामी:	1-800-547-2058
TTY (बिना आवाज़ वाला):	1-800-815-9387
EDD इंटरनेट साइट:	edd.ca.gov

डाक से भेजे जाने की तारीख: महीना/दिन/साल

समीक्षा लंबित होने के दौरान सशर्त भुगतान की पात्रता का नोटिस

यह नोटिस आपके दावे के दौरान आने वाली किसी भी संभावित पात्रता संबंधी समस्या पर लागू होता है।

हमें आपके दावे में एक संभावित समस्या होने का पता चला है जो आपको लाभों के लिए अयोग्य बना सकती है। क्योंकि आपने अपने बेरोज़गारी दावे पर पहले से ही लाभों को प्राप्त कर लिया है, तो हम सशर्त भुगतान के लिए आपके लंबित सप्ताहों पर कार्रवाई कर रहे हैं जब तक कि हम आपकी निरंतर पात्रता को निर्धारित करते हैं। अगर आप लाभों के लिए प्रमाणित करना जारी रखते हैं, जब तक हम आपकी पात्रता का निर्धारण कर रहे हैं, तो किसी भी सशर्त भुगतान को अधिक भुगतान माना जाएगा अगर बाद में यह पाया जाता है कि आप उन लाभों के लिए अयोग्य थे।

हमें अभी भी लंबित मुद्दे पर आपकी पात्रता का निर्धारित करने की आवश्यकता है, जिससे इनमें से कोई भी एक परिणाम निकल सकता है:

- आप सशर्त भुगतान प्राप्त करेंगे और बाद में उन लाभों के लिए योग्य पाए जाएंगे।
- आप सशर्त भुगतान प्राप्त करेंगे और बाद में उन लाभों के लिए अयोग्य पाए जाएंगे। अगर आप अयोग्य पाए जाते हैं, तो हम आपको *निर्धारण का नोटिस* भेजेंगे, जिसके खिलाफ आप अपील कर सकते हैं। अगर आप अधिक भुगतान की छूट के लिए योग्य नहीं पाए जाते हैं तो आपको मिले हुए सशर्त भुगतान को वापस करना पड़ सकता है।

समीक्षा के दौरान, हो सकता है कि आपको भुगतान नहीं मिले, अगर आप:

- पूरी तरह से रोज़गाररत हैं या अत्यधिक आय की जानकारी देते हैं।
- पहले से ही किसी झूठी बयानबाज़ी के लिए जुर्माना दे रहे हैं।
- पहले से ही अयोग्य हैं।
- पहले कोई अधिक भुगतान किया गया था और आपको उन लाभों पर अधिक भुगतान लगा था।

यह नोटिस तब लागू होता है जब हम संभावित पात्रता के मुद्दे की पहचान करने के लिए दो सप्ताह के अंदर-अंदर कोई निर्धारण नहीं कर पाते हैं।

क्या उम्मीद करें

जब तक हम आपकी पात्रता को निर्धारित कर रहे हैं, तो अगर आप तब तक बेरोज़गार हैं या कम समय के लिए काम कर रहे हैं, तो लाभों के लिए प्रमाणित रहना जारी रखें। प्रमाणित करने का सबसे तेज़ तरीका portal.edd.ca.gov पर UI Online℠ पर जाकर करना है। हम आपको तब तक भुगतान करना जारी रखेंगे जब तक आप प्रमाणित करना जारी रखते हैं और हम आपको अयोग्य नहीं पाते हैं।

अगर आप पूरी तरह से रोज़गारत हैं या फ़िर यह मानते हैं कि आप लाभों के लिए अयोग्य हैं, तो आपको यह प्रमाणित करना जारी नहीं रखना चाहिए।

अगर हमें आपकी पात्रता को निर्धारित करने के लिए अधिक जानकारी की आवश्यकता होगी तो हम आपसे संपर्क कर सकते हैं। यह ज़रूरी है कि आप हमें जवाब दें। अगर आप अनुरोध के बाद भी जवाब नहीं देते हैं, तो हमें अभी भी हमारे पास उपलब्ध जानकारी के आधार पर निर्णय लेने की आवश्यकता है। आपकसे न मिली किसी जानकारी के बिना, हम आपको मिले हुए किसी भी सशर्त भुगतान के लिए अयोग्य पा सकते हैं। पात्रता संबंधी मुद्दों पर अधिक जानकारी के लिए, edd.ca.gov/en/claim-status. पर जाएँ।

हम पात्रता निर्धारित करने के बाद

लाभों को प्राप्त करने के योग्य होने के लिए, आपको प्रत्येक सप्ताह की बेरोज़गारी के लिए पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करना होगा।

अगर हम आपकी पात्रता की पुष्टि कर लेते हैं, तो आपको भुगतान किए गए सप्ताहों के लिए कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं है। अगर आप बेरोज़गार रहते हैं या कम घंटे काम कर रहे हैं तो हर दो हफ्ते में लाभों के लिए प्रमाणित करना जारी रखें। प्रमाणीकरण संबंधी प्रश्नों के उत्तर देने में सहायता के लिए, edd.ca.gov/en/Unemployment/Understanding_the_Continued_Claim_Certification_Questions पर जाएँ।

अगर आप पात्रता की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं, तो हम आपको निर्धारण का नोटिस (DE 1080CZ) भेजेंगे, जिसके खिलाफ आप अपील कर सकते हैं। अगर आप अधिक भुगतान की छूट के लिए योग्य नहीं पाए जाते हैं, तो आपको वापस भुगतान करना होगा जो आपको प्राप्त हुआ हो सकता है। हम आपको डाक के द्वारा *संभावित अधिक भुगतान* (DE 1447) का नोटिस या/और *अधिक भुगतान का नोटिस* (*DE 1444)* भेज देंगे। आपके पास इस निर्धारण और अधिक भुगतान को अपील करने का अधिकार होगा और अधिक भुगतान की छूट के लिए फिर से पुनर्विचार किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए, edd.ca.gov/en/claims/Benefit-Overpayments पर जाएँ।